## देह रूपी पिंजरे में कर्मों के आधीन होकर यह जीव अनंत भवों से परिभ्रमण करता आ रहा



**इंदौर** (ओम पाटोदी)। देह रूपी पिंजरे में कर्मों के आधीन होकर यह जीव अनंत भवों से परिभ्रमण करता आ रहा है। जीव और कर्म की दो पार्टियां है, यहां कर्मों को जोर ज्यादा होने से इस जीवात्मा को अनंतांत भवों में अनंत अनंत दुख को भोगना पड़ता है। मोक्ष प्राप्त करना इस जीवात्मा का अंतिम लक्ष्य है, परन्तु मोक्ष बगैर आत्म ज्ञान के प्राप्त नहीं होता, ज्ञान प्राप्त करने के लिए स्वविवेक को जागृत करना पड़ेगा, विवेक जागृत बग़ैर जिनमत के अनुसरण के नहीं होगा और जिनमत का अनुसरण की शक्ति हमें जिनबिम्ब की वीतराग छवि का ध्यान करने से होती है। उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि यह बातें संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज ने अपने समर्थ सिटी के पार्श्वनाथ जिनालय में अपने एक दिवस के अल्प प्रवास के दौरान अपने उद्बोधन में कहीं। उन्होंने बताया की वर्तमान में जो भौतिकी प्रगति का मायाजल बढ़ता जा रहा है यह प्रगति नहीं दुर्गति है। जितनी सुविधाएं बढ़ती जा रही है हमारी तृष्णा बढ़ती जा रही है।

## शहर में तीन नए थाने खोलने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा

**इंदौर** 'शहर में अपराधों के नियंत्रण के लिए .तीन नए थाने खोलने का प्रस्ताव इंदौर पुलिस कमिश्नर कार्यालय ने बनाकर मुख्यालय को भेजा है ।वही तीन थानों के लिए बल मांगा गया है सिंहस्थ को लेकर .इंदौर पुलिस की तैयारी में ड्यूटी है .एडिशनल कमिश्नर आर के . ने बताया कि शहर में चार नए यातायात थाने खोलने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है ।इसके अलावा शहर में तीन नए थाने सुपर कॉरिडोर महालक्ष्मी नगर और धार रोड थाने का एक प्रस्ताव भी बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है ताकि सिंहस्थ के पहले ये . थाने खुल सके वही तीन थानों गांधीनगर तिलक नगर और एक राऊ के लिए अलग से बल मांगा गया है यह थाने तो खुल गए लेकिन यहां बल की कमी है इसे दूर करने के लिए प्रस्ताव बनाया गया है । वही सिहस्थ्य की व्यवस्था के लिए ट्रेनिंग देने के लिए इंदौर से 10 लोगों की एक मास्टर टीम भेजी गई है यह टीम इतिहास की व्यवस्था की ट्रेनिंग लेकर आएगी और फिर इंदौर के बाकी के स्टाफ को ट्रेनिंग देगी । कई लोगों के नाम मुख्यालय को भेजे गए हैं ।

## जैन समन्वय ग्रुप इंदौर की मासिक बैठक संपन्न, गेम्स और तंबोला के साथ सजी शाम



**इंदौर।** जैन समन्वय ग्रुप इंदौर की अप्रैल माह की मीटिंग इस रविवार, 12 अप्रैल को बायपास स्थित त्रिजल (Trijal) रेस्टोरेंट पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजक शैलेश-सपना वेद और निलेश-नेहा गंगवाल ने सभी आगंतुक सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया। बैठक के दौरान मनोरंजन के लिए विशेष रूप से कपल गेम्स और तंबोला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जोड़ों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गेम्स के पश्चात सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नवीन-तृप्ति सोनी और पंकज-ऋतु रावका द्वारा किया गया। अंत में संजय-वैशाली जी शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजोरिया और शुक्ला पुन : निर्वाचित





**इंदौर।** विगत दिनों अनूपपुर (मध्य प्रदेश) में संपन्न हुए भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के दसवें राज्य सम्मेलन में पुनः एक बार कवि, नाटककार और गीतकार हरिओम राजोरिया (अशोकनगर) को प्रदेश अध्यक्ष और नाट्य निर्देशक व अभिनेता शिवेन्द्र शुक्ला (छतरपुर) को प्रदेश महासचिव चुना गया है। हमें उम्मीद भी है और यक़ीन भी कि इस बार इप्टा का मध्य प्रदेश में नयी जगहों तक विस्तार तो होगा ही, साथ ही इप्टा मध्य प्रदेश की सक्रियता देश के स्तर पर भी देखी और महसूस की जाएगी।

## कार्टून कोना




सुमठा–अरन्या मार्ग निर्माण पर उठे गंभीर प्रश्न, पुलिया के स्थान पर पाइप डालने से 100 बीघा भूमि डूब क्षेत्र में जाने की आशंका

# किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी हातोद को सौंपा विस्तृत आवेदन, तकनीकी परीक्षण व 4×6 गेट पुलिया निर्माण की मांग

**देपालपुर।** ग्राम सुमठा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा निर्मित किए जा रहे सुमठा-अरन्या मार्ग को लेकर किसानों ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए एसडीएम हातोद के समक्ष विस्तृत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन में निर्माण कार्य में तकनीकी अनियमितता, जल निकासी व्यवस्था की अनदेखी तथा संभावित जलभराव से व्यापक कृषि क्षति की आशंका व्यक्त की गई है। आवेदनकर्ता भुवानसिंह पंवार, निवासी ग्राम सुमठा ने उल्लेख किया है कि वे ग्राम के स्थायी कृषक हैं तथा उनकी कृषि भूमि पटवारी हल्का क्रमांक 06, मूल सर्वे क्रमांक 308 में स्थित है, जो निर्माणाधीन सुमठा-अरन्या रोड से सटी हुई है। वर्तमान में उक्त मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### सड़क की ऊंचाई बढ़ाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं

आवेदन के अनुसार, निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई आसपास की कृषि भूमि से लगभग दो फीट अधिक कर दी गई है। पूर्व में वर्षा जल निकासी हेतु पुलिया निर्माण का प्रावधान बताया गया था, किंतु आरोप है कि संबंधित विभाग एवं ठेकेदार द्वारा पुलिया के स्थान पर केवल दो-दो तीन फीट व्यास के सीमेंट पाइप डालकर औपचारिक निकासी व्यवस्था कर दी गई है। किसानों का तर्क है कि संबंधित स्थान पर लगभग 10 से 12 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का वर्षा जल एकत्र होकर इसी बिंदु से प्रवाहित होता है। ऐसी स्थिति में सीमित व्यास वाले पाइप भारी जल प्रवाह को वहन



करने में सक्षम नहीं होंगे, जिससे वर्षा ऋतु में व्यापक जलभराव की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### 80 से 100 बीघा कृषि भूमि पर संकट

आवेदन में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि वर्तमान व्यवस्था यथावत रही तो लगभग 80 से 100 बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो सकती है। इससे खरीफ सीजन की फसलें पूर्णतः नष्ट होने की आशंका व्यक्त की गई है। किसानों ने इसे आजीविका पर प्रत्यक्ष प्रहार बताया है।

### ट्रस्ट की भूमि भी संभावित प्रभावित क्षेत्र में

प्रकरण में यह तथ्य भी रेखांकित किया गया है कि तुलसीदास मंदिर खजुरिया बाजार, इंदौर ट्रस्ट की भूमि, जो आयुक्त इंदौर संभाग के अधीन बताई गई है, भी संभावित जलभराव क्षेत्र में आती है। ऐसे में मामला केवल निजी कृषकों तक सीमित न रहकर संस्थागत भूमि को भी प्रभावित कर सकता है।

### 4×6 की दो गेट पुलिया निर्माण की मांग

किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि वर्षा ऋतु के पूर्व मौके का निरीक्षण कर तकनीकी परीक्षण कराया जाए तथा वर्तमान में डाले गए सीमेंट पाइप हटाकर कम से कम 4×6 फीट आकार की दो गेट पुलिया का निर्माण कराया जाए, जिससे जल निकासी की दीर्घकालीन एवं वैज्ञानिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

### न्यायोचित हस्तक्षेप की अपेक्षा

आवेदन में प्रशासन से न्यायहित में त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित तकनीकी सुधार नहीं किया गया तो आगामी मानसून में बड़े पैमाने पर फसल नुकसान एवं आर्थिक क्षति से इंकार नहीं किया जा सकता। अब समूचे प्रकरण में प्रशासनिक जांच और तकनीकी मूल्यांकन के बाद क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर क्षेत्र के किसानों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## देपालपुर को बड़ी राहत: अमरनाथ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुन: बहाल

**देपालपुर।** सतत प्रयास, उच्च स्तरीय संवाद और प्रशासनिक समन्वय के बाद अंततः देपालपुर के शासकीय अस्पताल में श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुनः प्रारंभ हो गई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा देपालपुर की खंड चिकित्सा अधिकारी वंदना केसरी को विधिवत अधिकृत किए जाने से क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देपालपुर के चिकित्सक का नाम स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अधिकृत सूची से हटा दिया गया था, जिसके कारण श्रद्धालुओं को इंदौर अथवा अन्य स्थानों पर जाकर परीक्षण कराना पड़ रहा था। ग्रामीण अंचल के यात्रियों के लिए यह व्यवस्था समय, श्रम और आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण थी। विषय की गंभीरता को समझते हुए इसे प्रशासनिक स्तर पर



प्राथमिकता से उठाया गया।

बहु-स्तरीय समन्वय से बना समाधान

श्री अमरनाथ जी यात्रा देपालपुर टीम के सदस्य संदीप सेन ने इस मुद्दे को योजनाबद्ध तरीके से संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा। उप मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी चन्द्र प्रताप गोहल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त धनराजू एस, स्वास्थ्य सेवाएं वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. राजू निदारिया तथा डॉ. योगेश नीखरा से भेंट कर यह आग्रह किया गया कि वर्ष 2025 की भांति वर्ष 2026 में भी इंदौर जिले के चयनित चिकित्सकों के नाम स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पुनः अधिसूचित किए जाएं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर देपालपुर में स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा बहाल करने का अनुरोध किया। परिणामस्वरूप अब देपालपुर को पुनः अधिकृत केंद्र के रूप में मान्यता मिल गई है।

15 अप्रैल को लगेगा अधिकृत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल 2026, गुरुवार को प्रातः 10 बजे से शासकीय अस्पताल देपालपुर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की आवश्यक चिकित्सकीय जांच–रक्तचाप, हृदय संबंधी परीक्षण, सामान्य शारीरिक परीक्षण सहित अन्य अनिवार्य स्वास्थ्य मानकों–के आधार पर प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ विशाल आयोजन



**इंदौर** श्री तिलकेश्वर पार्श्वनाथ सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेवा संस्थान ट्रस्ट , श्री धर्मचक्र सामायिक मंडल तिलक नगर एवं वी वन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर तिलक नगर गली नंबर 9, पूर्वी क्षेत्र इंदौर में आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ष्ट विनोद जैन, नरेंद्र जैन, अशोक गोखरू,ष्ट सौरभ कोठारी, ष्ट जिनेश पगारिया ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीज आए थे ।

वी वन हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ए एल शर्मा, एम डी मेडिसिन डॉ मिलिंद साठे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शुभ्रा मुखर्जी ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों को उचित मार्गदर्शन दिया शिविर में बोन डेंसिटी, शुगर, थायराइड, केल्शियम की जांच निशुल्क और बाकी जांच रियायती शुल्क दर पर की गई। मरीजों, क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य शिविर को सराहनीय कदम बताया।स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से पधारे डॉक्टर आचार्य मुक्तिरत्न सागर सूरीश्वर महाराज जी ने शिविर का शुभारंभ करके सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वच्छ शहर में स्वस्थ्य शरीर के लिए मानव सेवा के ऐसे प्रयास सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट द्वारा मानव सेवार्थ समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा

### हीरालाल वर्मा महासचिव पद पर नियुक्त



**इन्दौर** प्रतिनिधि । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महा प्रभारी सचिव संजय कामले की सहमती से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्केश चौहान एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद महावर द्वारा झुग्गी झोपड़ी .प्रस्तुत प्रदेश संगठन पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश पदाधिकारियों नियुक्ति प्रस्ताव का अनुमोदन की है । ज्योति वानखेड़े को उपाध्यक्ष इन्दौर के महमूद पठान को उपाध्यक्ष हीरालाल वर्मा को महासचिव पद पर नियुक्ति पर इन्दौर के कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है ।

## प्रो. डी. जी. धवलीकर स्मृति व्याख्यान एवं स्वर्ण पदक समारोह आयोजित

श्री जी. एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस , इंदौर में 25वां प्रो. डी. जी. धवलीकर स्मृति व्याख्यान एवं स्वर्ण पदक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स , इंदौर तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं–इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स, इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी एवं इंडियन सोसाइटी ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स–के संयुक्त सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ इंजी. एच. आई. मेहता, अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स , इंदौर के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात इंजी. डी. एस. परिहार, माननीय सचिव, ASE, इंदौर द्वारा स्मृति व्याख्यान की पृष्ठभूमि एवं स्व. प्रो. डी. जी. धवलीकर के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया गया।स्व. प्रो. डी. जी. धवलीकर, जिनकी स्मृति में यह व्याख्यान आयोजित किया जाता है, SGSITS के पूर्व निदेशक एवं इस एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य थे। उनका योगदान आज भी इंजीनियरिंग समुदाय को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में . प्रो. . टी जी सिताराम (पूर्व अध्यक्ष AICTE एवं पूर्व निदेशक IIT गुवाहाटी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजी महावीर बिदासरिया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता . प्रो. . नीतिश पुरोहित , निदेशक स्तस्द्धस्नस्र द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रो. सीताराम द्वारा 'अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भू-तकनीकी एवं भू-भौतिकीय अन्वेषण तथा नींव डिजाइन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने लगभग 1000 वर्ष की आयु हेतु निर्मित इस मंदिर के निर्माण में आई चुनौतियों–कमजोर जलोढ़ मिट्टी, 12 मिमी की सीमित अवतलन सीमा एवं विस्तृत भू-तकनीकी जांच–पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर संजय जैन द्वारा किया गया।

## राणा सांगा की जयंती पर हुआ करणी सेना का शपथ ग्रहण समारोह

**इंदौर।** मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) की जयंती के पावन अवसर पर 12 अप्रैल को गांधीनगर स्थित गोवर्धन गौशाला के पास एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना (टीम अनुराग प्रताप सिंह राघव) की शहर कार्यकारिणी के गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।

करणी सेना के प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव , प्रदेश संरक्षक कमल सिंह जादोन ओर शहर प्रभारी गजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर वीरता, स्वाभिमान और संगठन की भावना को सशक्त किया।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ**



इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक कमल सिंह जादोन,कोर कमेटी के डॉक्टर संतोष सिंह ठाकुर , शहर प्रभारी गजेंद्र सिंह चौहान , शहर अध्यक्ष अमित सिंह , महिला शहर अध्यक्ष मोनिका सिंह बेस नम्रता सिंह सारिका सिंह आरती सिंह ग्रामीण जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, दिग्विजय सिंह , अजीत सिंह हरेंद्र सिंह डॉ अंजनी सिंह चौहान चौहान गणेश सिंह चौहान रवीनेश सिंह राठौड़ शैलेंद्र सिंह ठाकुर विक्रांत सिंह डॉ अभिषेक सिंह बेस दिलीप सिंह चावड़ा शैलेंद्र राणा दरबार सिंह परमार वीरेंद्र सिंह राजपूत लाल बाबू सिंह गोपाल सिंह महेंद्र सिंह चौहान सहित ने नवनियुक्त शहर उपाध्यक्ष पद पर ..... शहर उपाध्यक्ष.... विनय सिंह परिहार महामंत्री पद पर .... निर्मल ठाकुरशहर मंत्री पद पर .... प्रद्युम्न ठाकुर शहर मंत्री पद पर.... रोहित ठाकुर शहर मंत्री पद पर.... मनीष राठौड़ विधानसभा 1 अध्यक्ष... नीरज सिंह चौहान विधानसभा 1 उपाध्यक्ष.... आयुष ठाकुर विधानसभा 4 अध्ययक्ष अर्जुन सिंह शहर कार्यकारणी सदस्य पद पर ... आकाश सिसोदिया,बंटी सिसोदिया,अमन ठाकुर ,रोहन राठौड़ इंदौर शहर सोशल मीडिया प्रभारी....
गौतम सिंह राठौड़